NCERT Solutions for Class 2 Hindi Rimjhim Chapter 7 मेरी किताब

कहानी का सारांश

माँ ने वीरू को एक संदेश देकर अपनी बहन के पास भेजा। मौसी प्यार से वीरू को अंदर ले गई। बैठक में जाते ही वीरू अचरज से ठिठक गई। बैठक में नीचे से ऊपर तक किताबों से भरे खानों वाली दो लंबी दीवारें थीं। वीरू इन किताबों को आँखें फाड़-फाड़ कर देखती रही। बाद में साहस करके वीरू ने मौसी से पूछा-क्या आपके पास बच्चों के लिए भी किताबें हैं? मौसी ने वीरू को ढेर सारी किताबें दिखाई और कहा कि जिस तरह की किताबें तुम्हें पसंद हैं, मैं तुम्हें दे सकती हूँ। वीरू ने अपनी मौसी से कहा कि-मुझे नहीं मालूम कि मुझे कौन-सी किताब पसंद है।

तब मौसी ने वीरू को एक किताब पकड़ाई और उसे पढ़ने के लिए कहा। वीरू इतनी मोटी किताब देखकर घबरा गई। मौसी ने उसे एक दूसरी किताब दी, इस पर वीरू,बोली-यह बहुत बड़ी है। मेरे बस्ते में नहीं आएगी। तब मौसी ने वीरू को एक तीसरी किताब दिखाई और पूछा-इसके बारे में क्या ख्याल है? वीरू ने किताब देखते हुए कहा कि यह किताब बहुत पतली है और इसमें पढ़ने के लिए भी बहुत कम है। इसकी तस्वीरें भी छोटी-छोटी हैं।

तब तंग आकर मौसी ने कहा-मैं तुम्हारे लिए किताबें नहीं चुन सकती। अगली बार जब तुम आओ तो अपने साथ एक फुट्टा लेती आना। वीरू ने आश्चर्य से पूछा-फुट्टा, क्यों? मौसी ने हँसकर कहा कि तुम्हें जितनी मोटी किताब चाहिए, उसे नापकर ले लेना। मौसी का जवाब सुनकर वीरू ने माँ के भेजे हुए कागज़ को मेज़ पर रखा और भाग खड़ी हुई।

शब्दार्थः संदेश-समाचार। बैठक – घर के बाहर का कमरा, जो मेहमानों के बैठने के लिए प्रयोग किया जाता है। अचरज-हैरानी। ठिठक जाना-सहसा रुक जाना। आँखें फाड़-फाड़ कर देखना-हैरानी के साथ देखना। फुट्टा-माप करनेवाला यंत्र या पैमाना।

प्रश्न – अभ्यास

बातें किताबों की

बाप रे! इतनी किताबें

प्रश्न 1

क्या तुमने भी बहुत सारी किताबें एक साथ देखी हैं? कहाँ?

उत्तर:
हाँ मैंने एक साथ बहुत सारी किताबें अपने विद्यालय के पुस्तकालय में देखी हैं।

प्रश्न 2
तुम्हारे बस्ते में भी बहुत सारी किताबें होंगी। उन सभी किताबों में से तुम्हारी मनपसंद किताब कौन-सी है? क्यों?
उत्तर:
मेरे बस्ते की किताबों में से मेरी सबसे मनपसंद किताब 'रिमझिम' भाग-2 है। यह किताब मुझे इसलिए सबसे अधिक पसंद है क्योंकि इसमें अच्छी-अच्छी कहानियाँ तथा कविताएँ हैं।

यहाँ कुछ किताबों के पन्नों के चित्र दिए हैं और उनके नाम लिखे हैं।

प्रश्न 3
तुम इनमें से कौन-सी किताब पढ़ना चाहोगे? क्यों?
उत्तर:
मैं इनमें से 'बजती गेंद' किताब पढ़ना चाहूँगा, क्योंकि मुझे गेंद के साथ खेलना और उसके विषय में जानकारी प्राप्त करना अच्छा लगता है।

नाप-तौल

प्रश्न 4
(क) मौसी ने वीरू को फुट्टा लाने के लिए क्यों कहा?

EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE

उत्तर:

मौसी ने वीरू को फुट्टा लाने के लिए इसलिए कहा क्योंकि उसे कोई भी किताब पसंद नहीं आ रही थी और मौसी ने उससे हँसी में कहा कि-अगली बार एक फुट्टा लेकर आना ताकि किताबों का आकार-प्रकार मापकर उसे पसंद करो।

(ख) अलग-अलग चीज़ों को नापने या तौलने के लिए अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। तुम नीचे दी गई चीजों को किन चीजों से मापोगे?



उत्तर:

- कपड़े को ......मीटर से......
- आम को ......किलोग्राम से......
- मेज़ को ......सेंटीमीटर से......
- कागज़ को ......सेंटीमीटर से......
- पानी को ......लीटर से......

edugross.com

आओ खेलें अंत्याक्षरी

अब तक तो तुमने बहुत-सारे शब्द सीख लिए होंगे। आओ शब्दों की अंत्याक्षरी खेलें। देखें तुम कितने शब्द बना पाते हो। शुरुआत हम कर देते हैं–

पसंद – नापसंद

वीरू को मौसी ने किताबें चुनने के लिए कहा तो वह नहीं चुन पाई।

प्रश्न 5

तुम्हें अपनी पसंद की चीजें चुनने को कहा जाए तो तुम क्या-क्या चीजें चुनोगे?

उत्तर:

कहानियों की किताब	गुड़िया	टॉफ़ी
सुंदर-सुंदर फूल	कूदनेवाली रस्सी	चाभीवाली कार

edugross.com